# वर्धमान पार्क पाथवे किनारे कचरा फैलाने पर भारत भवन प्रबंधन को नोटिस

## यादगार-ए-शाहजहांनी पार्क की समुचित देखरेख न करने पर दो अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस

**भोपाल (काप्र)।**



नगर निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन ने शहर के पार्कों/चौराहों सहित अन्य स्थानों को सुंदर व आकर्षक बनाने के दृष्टिगत विभिन्न क्षेत्रों में स्थित निगम के पार्कों/उद्यानों/मैदानों आदि का निरीक्षण किया और सभी पार्कों के एक-एक कोने में बेहतर साफ-सफाई कराने, घांस-फूंस उखड़वाने, पेड़-पौधों को व्यवस्थित करने हेतु कटाई-छटाई कराने, पर्याप्त सिंचाई की व्यवस्था करने, आवश्यकतानुसार सिविल वर्क, मरम्मत, जाली, ग्रिल आदि की रंगाई-पुताई, कुंए की सफाई कराने, खुले तारों को व्यवस्थित करने, फव्वारों में आवश्यकतानुसार सुधार कार्य कर नियमित रूप से संचालित करने एवं पार्क के आसपास की खुली भूमियों पर उद्यान विकसित करने तथा सभी विभागों को बेहतर समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। बड़े तालाब किनारे वर्धमान पार्क पाथवे किनारे कचरा फैलाने पर भारत भवन प्रबंधन को जुर्माना लगाने हेतु नोटिस जारी करने व तत्काल साफ-सफाई कराने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त नारायन ने यादगार-ए-शाहजहांनी पार्क के निरीक्षण के दौरान पार्क की समुचित देखभाल न करने तथा पार्क को व्यवस्थित न रख पाने पर प्रभारी सहायक उद्यान अधीक्षक व प्रभारी उद्यान सुपरवाईजर को कारण बताओ नोटिस जारी किये है। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त सुश्री निधि सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

हरेन्द्र नारायन ने मंगलवार को रविन्द्र भवन, अप्सरा रेस्टोरेंट के सामने स्थित गार्डन, किलोल पार्क, फिरदोस महिला पार्क, किलोल नर्सरी, कमला पार्क, वर्धमान पार्क, ईकबाल मैदान, मोती मस्जिद रोड, चार बत्ती चौराहा, यादगार-ए-शाहजहांनी पार्क आदि क्षेत्रों का निरीक्षण किया और पार्कों, उद्यानों, नर्सरी आदि के रख-रखाव, सिविल, विद्युत व जलकार्य से संबंधित कार्यों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त की और सभी पार्कों, चौराहों आदि को सुंदर व व्यवस्थित बनाने हेतु संबंधित सभी विभागों को बेहतर समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

निगम आयुक्त ने रविन्द्र भवन स्थित अप्सरा रेस्टोरेंट के सामने गार्डन का निरीक्षण करते हुए क्यारियों में पड़ी गंदगी, सूखी पत्तियां, कचरा आदि की नियमित रूप से सफाई कराने, सिंचाई हेतु पर्याप्त पानी की व्यवस्था के लिए कनेक्शन कराने, खाली स्थान पर मिट्टी डालकर घांस लगाने व रिक्त भूमि को पार्क के रूप में विकसित करने, खुले तारों को व्यवस्थित करने, नाले में कचरे की रोकथाम हेतु जाली लगाने एवं आवश्यकतानुसार सिविल वर्क कराने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त ने किलोल पार्क, किलोल नर्सरी व फिरदोस महिला पार्क में बेहतर साफ-सफाई कराने, कचरा उठवाने, निंदाई-गुडाई एवं घांस की कटाई कराने व खुले तारों को व्यवस्थित करने के निर्देश दिए।

निगम आयुक्त ने कमला पार्क का निरीक्षण करते हुए पौधों की कटाई-छटाई कर उन्हें आकर्षक बनाने, आवश्यकतानुसार संधारण कार्य कराने, गेट लगवाने, फवारे की मरम्मत कराने, जाली, ग्रिल की मरम्मत एवं पेंट कराने, लाईटे ठीक कराने के निर्देश दिए साथ ही विशेष रूप से निर्देशित किया कि उक्त सभी कार्य संबंधित विभाग आपस में बेहतर समन्वय के साथ शीघ्रता से सुनिश्चित कराएं।

निगम आयुक्त ने बड़े तालाब के किनारे वर्धमान पार्क का निरीक्षण करते हुए पाथवे किनारे पडे कचरे को साफ कराने, वृक्षों/पौधों की कटाई-छटाई कराने, पार्क क्षेत्र में कचरा फैंकने पर भारत भवन प्रबंधन पर जुर्माने की कार्यवाही हेतु नोटिस जारी करने तथा श्यामला हिल्स स्थित झरने की बेहतर साफ-सफाई कराने के निर्देश दिए। श्री नारायन ने ईकबाल मैदान का निरीक्षण किया और मैदान को व्यवस्थित करने हेतु आवश्यक मरम्मत कार्य कराने के लिए प्रस्ताव बनाने, श्वानों को पकड़वाने तथा गेट बनवाने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त ने मोती मस्जिद रोड व चार बत्ती चौराहा आदि का भी निरीक्षण किया और बेहतर साफ-सफाई कराने, सड़कों किनारे पड़े कचरे को तत्काल उठवाने के निर्देश दिए।

हरेन्द्र नारायन ने यादगार-ए-शाहजहांनी पार्क का निरीक्षण किया और पौधों की कटाई-छटाई कराने, फुटपाथ पर लगे घांस-फूंस उखड़वाने, फवारे की साफ-सफाई कराने, पार्क के किनारे व खेल उपकरण, झूले आदि में लगी गंदगी साफकराने, पार्क क्षेत्र में एकत्र होने वाले सीवेज व किचन के पानी का व्यवस्थित बहाव सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। यादगार-ए-शाहजहांनी पार्क में समुचित साफ-सफाई न पाए जाने तथा पार्क में लगे उपकरण आदि भी व्यवस्थित न पाए जाने पर श्री नारायन ने सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुए प्रभारी सहायक उद्यान अधीक्षक करूणेश व प्रभारी उद्यान सुपरवाईजर मुक्तीन को कारण बताओ नोटिस जारी किये है साथ ही जोन क्र. 09 के सहायक यंत्री सिविल को निर्देशित किया कि यादगार-ए-शाहजहांनी पार्क का सूक्ष्मता से निरीक्षण करें और आवश्यक कार्यों को चिन्हित कर शीघ्रता से कार्य कराएं।

# मप्र कांग्रेस अजा विभाग ने किए लोस चुनाव के प्रभारी नियुक्त

**भोपाल (काप्र)।**

अभा कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के अध्यक्ष राजेश लिलोटिया, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर मध्यप्रदेश कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के अध्यक्ष प्रदीप अहिरवार ने मध्यप्रदेश की 29 लोकसभा संसदीय क्षेत्र के लिए लोकसभा प्रभारी नियुक्ति किये हैं।

विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं कार्यालय प्रभारी मुकेश बंसल ने बताया कि लोकसभा वार निम्नानुसार प्रभारी नियुक्त किये गये हैं- मुरैना-सुधीर मण्डलोई, भिण्ड-डॉ. मोहलाल मोहर, ग्वालियर-कृष्णगोपाल चौरसिया, गुना-रामदास उत्साही, सागर-सुनील चौधरी, टीकमगढ़-मुकेश बंसल, दमोह-दशरथ अहिरवार, खजुराहो-सुशील कैसेले, रीवा-नरेन्द्र मेश्राम, सीधी अनिल वर्मा, शहडोल-महेन्द्र पंचौली, जबलपुर-रंजीत धौलपुरिया, मण्डला-रामेश्वर भालेकर, बालाघाट-विष्णु करोसिया, छिंदवाड़ा-सुनील चौधरी, सतना-नरेन्द्र वंशकार, भोपाल-जगदीश प्रसाद रोहर, नर्मदापुरम-हेमंत नरवरिया, विदिशा-मणिभाई अहिरवार, राजगढ़-डॉ. देवेन्द्र सूर्यवंशी, देवास-दिनेश सिलावट, धार-सीताराम गोयल, उज्जैन-शेखर मालवीय, इंदौर-नितेश नरवले, मंदसौर-हीरालाल परमार, रतलाम-शैलेषरामू कैमेरे, खरगोन-रंजीत गौहर, खण्डवा-सीताराम चक्रवर्ती और बैतूल-नागराज नगेले। श्री अहिरवार द्वारा नियुक्त लोकसभा प्रभारियों से शीघ्र ही अपने प्रभार के संसदीय क्षेत्र में पहुंचकर कांग्रेस के पक्ष में कार्य करने हेतु कहा गया है।

# एनीमल बाइट पर जागरुकता कार्यक्रम

**भोपाल (काप्र)।**




**एम्स के ट्रॉमा और आपातकालीन चिकित्सा विभाग द्वारा सुरक्षित कल के लिए आज जागरूक बनें विषय के तहत एनीमल बाइट पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।**

एनीमल बाइट और रेबीज की रोकथाम के महत्वपूर्ण मुद्दे पर आयोजित इस कार्यक्रम का उद्घाटन कार्यपालक निदेशक, प्रो. अजय सिंह ने किया। उपस्थिति को संबोधित करते हुए प्रोफेसर अजय सिंह ने इस बात पर जोर दिया कि एनीमल बाइट न केवल एक चिकित्सीय समस्या है बल्कि एक सामाजिक चिंता भी है जिस पर तत्काल ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि एनीमल बाइट, विशेषकर रेबीज की रोकथाम और प्रबंधन के बारे में जागरूकता पैदा करना और जनता को शिक्षित करना एक चुनौती भरा काम है। इसके लिए हमें अपने प्रयासों को अपनी संस्था के दायरे से परे बढ़ाना होगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रभाकर तिवारी ने सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौतियों से निपटने में सहयोगात्मक प्रयासों के साथ आगे बढ़ने पर बल दिया ।

इससे पहले कार्यक्रम में, ट्रॉमा और आपातकालीन चिकित्सा विभाग के प्रमुख प्रो. यूनुस ने भारत में एनीमल बाइट से संबंधित चिंताजनक आंकड़े प्रस्तुत किये। उन्होंने बताया कि देश में हर घंटे रेबीज के कारण दो व्यक्तियों की जान चली जाती है। इसलिए इस तरह के जागरूकता अभियानों की बहुत ज्यादा आवश्यकता है। इस दौरान मेडिकल की पढाई कर रहे छात्रों द्वारा एनीमल बाइट पर जागरूकता से सबंधित एक स्किट भी प्रस्तुत की गयी।

# सी विजिल एप पर 16 दिनों में 1473 शिकायतें

**भोपाल (काप्र)।**

**चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन को लेकर सी विजिल एप पर की जाने वाली शिकायतों में सागर जिला सबसे आगे है। यहां 165 शिकायतें हो चुकी हैं। सौ से अधिक शिकायत वाले लोकसभा क्षेत्रों में ग्वालियर, उज्जैन जिले भी शामिल हैं। 16 मार्च से आदर्श चुनाव आचरण संहिता लागू होते ही सी-विजिल एप पर शिकायतें प्राप्त होने लगी हैं।**

एक अप्रैल तक प्रदेश के सभी जिलों से इस एप के जरिए 16 दिनों में कुल 1473 शिकायतें प्राप्त हो चुकी हैं। अब तक हुई शिकायतों में सागर जिले में 165, ग्वालियर में 128, उज्जैन में 111, खरगोन में 70, शहडोल में 69, सीहोर में 60, रीवा में 59, धार में 57, भोपाल में 53, निवाड़ी में 51, रायसेन में 44 और राजगढ़ में 41 कम्प्लेन प्राप्त हुई हैं जिसका निराकरण सौ मिनट में किया गया है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने कहा है कि आचार संहिता के उल्लंघन से जुड़ी किसी भी प्रकार की सीधी शिकायत करने के लिए सी-विजिल एप का उपयोग नागरिक करें। इसके लिए नागरिक को ऐसी किसी भी घटना की जानकारी होने पर फोटो या वीडियो सी-विजिल एप पर अपलोड करना होगा। शिकायत मिलने पर अगले 100 मिनट के भीतर कार्यवाही की जाएगी। इस एप के जरिए कोई भी नागरिक राजनैतिक दलों या प्रत्याशियों द्वारा मतदाताओं को लुभाने के लिए किसी भी तरह से धन, सामग्री, कपड़े, जेवरात आदि का वितरण करने, मतदाताओं को उनके पक्ष में मतदान करने के लिए धमकाने, मतदाताओं को स्वयं के वाहन से परिवहन करने, किसी भवन स्वामी की अनुमति के बिना उसके भवन या दीवारों या परिसर पर प्रचार सामग्री लगाने या दीवार पर विज्ञापन लिखवाने सहित अन्य प्रकार की शिकायतें कर सकता है।

## तालाब में मिला अज्ञात युवक का शव

**भोपाल (काप्र)।** तलैया थाना पुलिस ने वीआईपी रोड पर स्थित राजा भोज की प्रतिमा के पास तालाब से एक युवक का शव बरामद किया है। मृतक के पास ऐसा कोई दस्तावेज नहीं मिला जिससे उसकी पहचान की जा सके। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए मरचुरी में रखवाते हुए उसकी पहचान जुटाने के प्रयास शुरु कर दिये है। पुलिस के अनुसार बीती रात करीब साढ़े दस बजे गोताखोरों ने राजा भोज की प्रतिमा के पास से एक युवक का शव पानी में देखकर पुलिस को सूचना दी थी। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को पानी से बाहर निकलवा कर कपड़ो की तलाशी ली। लेकिन मृतक के पास ऐसा कोई भी दस्तावेज नहीं मिला जिससे कि उसकी पहचान की जा सके। मृतक की उम्र करीब 20 से 22 साल के आसपास बताई जा रही है।

# बिजली बिल को लेकर सौतेले भाई ने किया जानलेवा हमला

**भोपाल। जहांगीराबाद थाना इलाके में एक युवक ने अपने ही छोटे भाई पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। उनके बीच बिजली के बिल को लेकर विवाद हुआ था।**

पुलिस के अनुसार रविदास कॉलोनी में रहने वाला 24 वर्षीय राहुल बामने पिता श्यामलाल बामने प्राइवेट काम करता है। उसी मकान में अलग कमरे में प्रदीप बामने रहता है। प्रदीप राहुल की दूसरी मां का बेटा है, और राहुल से बड़ा है। घर का बिजली बिल राहुल बामने जमा करता है। बीते महीने भी राहुल ने बिजली का बिल जमा किया था। उस समय बिल अधिक होने के कारण राहुल की प्रदीप से कहासुनी हो गई थी। इसी बात को लेकर बीती सुबह भी राहुल और प्रदीप के बीच विवाद हो गया। झगड़ा बढ़ने पर उनके बीच हाथापाई होने लगी इसी बीच प्रदीप ने राहुल पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। चाकू का वार पेट में लगने से युवक को गंभीर चोट आई है। परिवार वाले राहुल को इलाज के लिये अस्पताल लेकर पहुंचे वहां उसका ऑपरेशन किया गया फिलहाल उसकी हालत खतरे से बाहर बताई गई है। पुलिस का कहना है कि अस्पताल सूचना मिलने पर पुलिस ने आरोपी भाई प्रदीप के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी प्रदीप निगरानी बदमाश है। उसका अपराधिक रिकार्ड देखते हुए उसके खिलाफ बांड ओवर की कार्रवाई की गई थी। इसी बीच अपने भाई पर जानलेवा हमला किये जाने पर पुलिस उसके खिलाफ बाउंड ओवर के उल्लंघन की कार्रवाई कर रही है। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है।

# भाजपा हर बूथ पर मनाएगी छह अप्रैल को स्थापना दिवस

**भोपाल (काप्र)।** भाजपा 6 अप्रैल को अपना स्थापना दिवस मनाने जा रही है। लोकसभा चुनाव के चलते हर बूथ पर यह आयोजन करना अनिवार्य किया गया है, जिसमें उस क्षेत्र में रहने वाले भाजपा के कार्यकर्ता पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि को अपने बूथ पर मौजूद रहना होगा और लोगों से संवाद करना होगा।

चुनाव के चलते पार्टी अपना स्थापना दिवस बड़े स्तर पर मनाने जा रही है। इसी को लेकर सभी बूथ स्तर की टोलियां को निर्देश दिए गए हैं। एक दिन पहले यानी 5 अप्रैल को सभी बूथ की टोलियां को अपने-अपने क्षेत्र में जाकर कार्यकर्ताओं को दूसरे दिन कार्यक्रम में आने के लिए निमंत्रण देने के लिए कहा गया है। इस दिन हर बूथ पर भारतीय जनता पार्टी का झंडा लहराया जाएगा और संकल्प लिया जाएगा कि प्रत्येक बूथ पर 370 से अधिक वोटों से भाजपा को जिताना है। नगर और जिला कार्यालय पर अलग से कार्यक्रम होंगे। बूथ के कार्यकर्ताओं को संबोधित करने के लिए प्रवासी कार्यकर्ता और अतिथियों को भी बुलाने के लिए कहा गया है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की योजनाओं की जानकारी भी प्रत्येक बूथ पर दी जाएगी। भाजपा के सभी प्रमुख नेता, पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि भी अपने-अपने बूथ पर मौजूद रहेंगे। प्रत्येक मतदान केन्द्र के अंतर्गत आने वाले 25 लाभार्थी परिवारों से संवाद करने के लिए भी कहा गया है, वहीं नए लोगों को भारतीय जनता पार्टी ज्वाइन करने के लिए भी निर्देश दिए गए हैं। इन्हें अलग से भाजपा के ऐप पर न्यू जॉइनिंग के रूप में अपलोड करना होगा। सभी कार्यक्रमों की मॉनिटरिंग जिले और प्रदेश स्तर पर की जाएगी।



राजधानी में ईद-उल-फितर के नजदीक आते ही सिवईयों का निर्माण कार्य तेज हो गया है।

# बिजली चोरी की सूचना देने वालों को पारितोषिक

**भोपाल (काप्र)।**

**मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा बिजली चोरी की गुप्त सूचना देने वालों को अब तक 2 लाख रुपये का पारितोषिक दिया गया है।**

योजना में वर्ष 2022-23 एवं 2023-24 में लगभग 55 प्रकरणों में सूचना प्राप्त होने के बाद 27 प्रकरणों में अवैध बिजली की चोरी पाये जाने पर, बिल की राशि 20 लाख रुपये की शत-प्रतिशत वसूली की गई थी। इस पर लगभग 2 लाख रूपये की पारितोषिक की राशि संबंधित सूचनाकर्ता के बैंक खाते में सीधे जमा की गई। गौरतलब है कि कंपनी द्वारा विद्युत की चोरी के प्रभावी रोकथाम एवं विद्युत के अवैध उपयोग को रोकने के लिए यह योजना चलाई गई है। योजनांतर्गत कोई भी व्यक्ति बिजली के अवैध उपयोग के संबंध में सूचना कंपनी मुख्यालय, क्षेत्रीय कार्यालय में मुख्य महाप्रबंधक, संचा.संधा/शहर वृत्त कार्यालय के महाप्रबंधकों को लिखित अथवा मोबाईल पर दे सकता है। हाल ही में कंपनी की वेबसाइट पर ऑनलाईन सूचना देने की व्यवस्था की गई है। सफल सूचनाकर्ता को अथवा उपभोक्ता को विद्युत चोरी की क्षतिपूर्ति की पूर्ण राशि जमा होने पर बिल की राशि के 10 प्रतिशत की राशि को पारितोषिक राशि के रूप में दिये जाने की योजना जनवरी 2019 से प्रचलन में है।

# मतदान अधिकारियों का द्वितीय प्रशिक्षण संपन्न

**भोपाल (काप्र)।**



लोकसभा निर्वाचन के लिए मतदान अधिकारियों का द्वितीय प्रशिक्षण मंगलवार को भोपाल जिले के 8 केंद्रों पर मौलाना आजाद प्रौद्योगिकी संस्थान सभागार-1 सिविल इंजीनियरिंग, मौलाना आजाद प्रौद्योगिकी संस्थान सभागार -2 केमिकल इंजीनियरिंग, मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल टीटी नगर, बीएनएस महाविद्यालय हबीबगंज नाका, संभागीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आईटीआई गोविंदपुरा, रवींद्र भवन, समन्वय भवन, अपेक्स बैंक टीटी नगर एवं राज्य पशुपालन प्रशिक्षण संस्थान में द्वितीय प्रशिक्षण दिया गया। जिसके अंतर्गत 14 हजार से अधिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया।

मंगलवार को कुल 318 के लगभग पीओ, 301 पी-1, 806 पी-2, 817 पी-3 888, कुल 2812 अधिकारी एवं कर्मचारियों को ट्रेनिंग दी गई। 84 अधिकारी एवं कर्मचारी ट्रेनिंग के दौरान अनुपस्थित रहे जिसमें पीओ -17, 50 पी-1, 22 पी-2 -24 एवं पी-3-21 शामिल है यह प्रशिक्षण 5 अप्रैल तक भोपाल के सभी 8 प्रशिक्षण संस्थानों में आयोजित किया जाएगा, जिसमें कुल 14761 से अधिक अधिकारी एवं कर्मचारी लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के लिये जिले की पांचों विधानसभाओं के मतदानकर्मियों के लिए एक साथ दो-दो पालियों में प्रशिक्षण शुरू हुआ। यह प्रशिक्षण 5 अप्रैल तक संबंधित जनपद पंचायत के नियत स्थल पर दो-दो पालियों में संचालित होगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कौशलेंद्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को भोपाल के 8 जगह एक साथ प्रशिक्षण हुआ। सीईओ ऋतुराज सिंह ने प्रशिक्षण में सम्मिलित होकर प्रशिक्षणार्थियों से कहा कि कर्मचारी चुनाव की प्रक्रियाओं की बारीकियों को समझें। निर्वाचन संबंधी तमाम जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्ति के उपरांत ही प्रशिक्षण हाल छोड़े। यदि कोई जानकारी समझ में नही आती है तो नि:सकोच प्रश्न पूछकर उसका समाधान प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि चुनाव कार्यो में गलती नहीं होना चाहिए। चुनाव कार्य में गलती हुई तो क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों से कहा कि वे सम्पूर्ण प्रशिक्षण प्रक्रिया को गंभीरता से लें। निर्वाचन आयोग द्वारा हरेक बिन्दु के संबंध में लिखित निर्देश जारी किए गए है जिसका अध्ययन कर शत प्रतिशत पालन कराया जाना अतिआवश्यक है।

उन्होंने सम्पूर्ण निर्वाचन कार्य टीम वर्क की भावना से करने पर बल देते हुए कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा हरेक मतदानकर्मी पर प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से निगरानी रखी जाती है किसी एक की गलती से पूरा जिला सफर करता है और जिले की प्रतिष्ठा प्रभावित होती है। किन्ही भी परिस्थितियों में हम प्रभावित ना हो का पूरा ध्यान रखना आवश्यक है। श्री सिंह ने कहा कि मतदान दल की स्वतंत्र एवं निष्पक्ष निर्वाचन में मतदान दलो की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।